दिन– शनिवार दिनांक– 06 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. रक्षा अलंकरण समारोह में बिहार के बिभोर कुमार सिंह शौर्य चक्र और मुन्ना कुमार सिंह पुलिस पदक से सम्मानित।
02. प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत कृषि ऋण लेने वाले किसानों को एक प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जायेगा।
03. मौसम विभाग ने आज किशनगंज, मधेपुरा, कटिहार, सीतामढ़ी और पश्चिम चम्पारण समेत राज्य के ग्यारह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। वज्रपात की भी चेतावनी।
04. और, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में उन्नीस लोगों की मौत। सात अन्य गम्भीर रूप से घायल।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को छत्तीस वीरता पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह चरण–एक में ये पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें दस कीर्ति चक्र और छब्बीस शौर्य चक्र शामिल हैं। सात–सात कर्मियों को मरणोपरांत कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह में बिहार के दो जवानों को भी सम्मानित किया गया। कैमूर जिले के कुदरा निवासी बिभोर कुमार सिंह को शौर्य चक्र और सारण जिले के तरैया प्रखंड के नवरत्नपुर निवासी मुन्ना कुमार सिंह को पुलिस पदक पदक प्रदान किया गया। बभोर सिंह वर्ष दो हजार बाईस में औरंगाबाद के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एक सर्च ऑपरेशन टीम का नेतृत्व कर रहे थे। इस दौरान विस्फोट में उनका एक पैर उड़ गया, फिर भी उन्होंने कवर फायरिंग कर टीम को बचाया।

———————————————————

प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत कृषि ऋण लेने वाले किसानों को एक प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जायेगा। इस संबंध में कृषि विभाग और नाबार्ड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस दौरान कृषि विभाग की ओर से कृषि मंत्री मंगल पांडेय और नाबार्ड की ओर से उपमहा प्रबंधक प्रकाश कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कृषि मंत्री ने कहा कि इस योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा जो निर्धारित अवधि में ऋण का भुगतान करेंगे। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत दस करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की है।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि रबी मौसम में उत्पादित ज्याज की बाजार में आमद बढ़ने के कारण प्याज की कीमतें स्थिर हो रही हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि इस वर्ष के रबी सीजन में एक सौ इक्यानवे लाख टन प्याज का अनुमानित उत्पादन घरेलू खपत को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष खरीफ प्याज का उत्पादन तीन लाख इकसठ हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में हो रहा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में सत्ताईस प्रतिशत अधिक है।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार ग्यारह जुलाई तक पूरे प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना रहेगा। विभाग ने आज राज्य के ग्यारह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान अररिया, सुपौल, पूर्णियां, मधेपुरा, कटिहार, सीतामढ़ी, गोपालगंज, शिवहर, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पटना और भोजपुर समेत राज्य के कई जिलों में आज सुबह से ही रूक –रूक कर बारिश हो रही है। राजधानी पटना में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से निचले इलाकों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की सम्भावना बनी हुई है।

———बाईट———

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान जिले के बड़हरिया में सबसे अधिक चौरानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, किशनगंज में नवासी और जमुई के गिद्धौर में बयासी दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में उन्नीस लोगों की मौत हो गयी जबकि सात लोग गम्भीर रूप से झुलस गये हैं। भागलपुर में चार, जहानाबाद और बेगूसराय में तीन–तीन, मधेपुरा और सहरसा में दो–दो, रोहतास, वैशाली, मोतिहारी, सुपौल और छपरा में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है।

———————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और प्रदेश में हो रही लगातार बारिश के कारण कोसी, गंडक, बागमती और अधवारा समूह की नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से पन्द्रह सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से पच्चीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, गंडक नदी मुजफ्फरपुर के रेवा घाट और गोपालगंज के डुमरिया घाट जबकि बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है। कमला बलान का जलस्तर झंझारपुर में लाल निशान से मात्र चौवालीस सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया। अधवारा समूह की नदी दरभंगा के कमतौल में चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है।

———————————————————————————

इधर, नदियों में उफान के चलते प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गये हैं। भागलपुर जिले के खरीक प्रखंड में कोसी नदी के उफान पर रहने के चलते भीषण कटाव हो रहा है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

भागलपुर जिले के खरीक प्रखंड के सिंहकुंड गांव में कोसी नदी के कटाव के कारण दस घर नदी में समा गये। वहीं, दर्जनों घर कोसी के मुहाने पर हैं, जो कभी भी कटाव की चपेट में आ सकते हैं। कटाव पीड़ितों ने बताया कि अब तक स्थानीय प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करायी गयी है। खरीक के अंचलाधिकारी अनिल भूषण ने बताया कि पीड़ित परिवारों को चिन्हित करने का राजस्व कर्मचारी को निर्देश दिया गया है। जल्द ही प्रभावित परिवारों को सरकारी प्रावधान के अनुसार सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर विनोद कुमार।

दरभंगा जिले में कमला बलान नदी का पानी कुशेश्वरस्थान प्रखंड के कई निचले इलाकों में फैल गया है। इस प्रखंड के इटहर पंचायत के चौकिया, लक्ष्मीनिया, विशुनिया, जिमराहा और उजुआ सिमरटोका पंचायत के गईजोरी गांव बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति अभी नियंत्रण में है और बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। समस्तीपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि भारी बारिश के कारण जिले से होकर गुजरने वाली कई नदियों के जलस्तर में उफान से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

———बाईट———

जिले के बिथान प्रखंड से होकर गुजरने वाली कोसी, कमला और करेह नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि इसी तरह इन नदियों का जलस्तर बढ़ता रहा तो प्रखंड क्षेत्र के सलहा चंदन पंचायत के तीन गांव के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने की आशंका है। इधर, जल संसाधन विभाग के अभियंता तटबंधों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। साथ ही बाढ़ निरोधात्मक कार्य भी जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

———————————————————————

स्वास्थ्य विभाग ने बाढ़ की आशंका वाले जिलों में सभी सिविल सर्जनों को अस्थायी स्वास्थ्य शिविर लगाने के लिये स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिये हैं। विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सिविल सर्जनों को जिला अस्पतालों और सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य करने के भी निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रचार तेज हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पूर्णियां के रूपौली प्रखंड स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री कुमार एनडीए उम्मीदवार जदयू के कलाधर मंडल के समर्थन में वोट की अपील करेंगे। उपचुनाव में जदयू के कलाधर मंडल और राजद की बीमा भारती के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। दस जुलाई को मतदान होगा। मतगणना तेरह जुलाई को की जायेगी।

———————————————————————

भागलपुर जिले में रेशम अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान खोला जायेगा। केन्द्रीय सिल्क बोर्ड के सदस्य पी. शिव कुमार ने भागलपुर में सिल्क उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह संस्थान एरी, मुंगा, तसर और मलवरी रेशम के विकास के लिए कार्य करेगा।

———————————————————————

ब्रिटेन के संसदीय चुनाव में मुजफ्फरपुर जिले के मूल निवासी कनिष्क नारायण लेबर पार्टी से सांसद चुने गये हैं। वे वेल्स के पहले अल्पसंख्यक सांसद के रूप में निर्वाचित हुये हैं। गौरतलब है कि ब्रिटेन के आम चुनाव में कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी को चार सौ बारह और ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को एक सौ इक्कीस सीटें मिली हैं।

———————————————————————

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी के साथ छेड़खानी के मामले में कोच दारोगा संजय सिंह उर्फ सोनू के खिलाफ कार्रवाई की है। प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्र शंकरण ने बताया कि मामले के संज्ञान में आने के बाद आरोपी कोच के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को पत्र भेजा गया है। साथ ही आरोपी दारोगा को निलंबन करने और उसके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने रसोई में सुरक्षा, गुणवत्ता और दक्षता बढ़ाने के लिए स्टेनलेस स्टील और एल्यूमीनियम को बर्तनों का निर्माण भारतीय मानक ब्यूरो–बीआईएस के अनुरूप अनिवार्य कर दिया है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के आदेश के अनुसार ऐसे बर्तनों के लिए आईएसआई चिन्ह अनिवार्य होगा। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने कहा है कि इस आदेश का अनुपालन नहीं करना दंडनीय है।

———————————————————————

विदेश चिकित्सा स्नातक परीक्षा–एफएमजीई आज पटना सहित देश के पचास शहरों में इकहत्तर केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। इसका आयोजन राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड कर रहा है। स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने परीक्षार्थियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने को कहा है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने भी सोशल मीडिया की भ्रामक ख़बरों को अनदेखा करने की सलाह दी है।

———————————————————————

नीट–पीजी प्रवेश परीक्षा दो हजार चौबीस ग्यारह अगस्त को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने इसके लिए संशोधित समय–सारिणी जारी की है। पिछले महीने परीक्षा की निर्धारित तिथि से एक दिन पहले नीट पीजी परीक्षा स्थगित कर दिया गया था। यह निर्णय प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता के मद्देनजर लिया गया था।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– छह पुल धराशायी होने में ग्यारह इंजीनियरों पर गिरी गाज। दो कार्यपाल, चार सहायत और पांच कनीय अभियंता निलंबित।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– भ्रष्टाचार के पुल। चौदह करोड़ रूपये के नौ पुल ठह गये। अखबार लिखता है– टूटे पुल का खर्च ठेकेदार उठायेंगे।

पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों प्रधानमंत्री से मुलाकात की खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– ओलंपिक की चकाचौंध में खोए बिना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें खिलाड़ी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. रक्षा अलंकरण समारोह में बिहार के बिभोर कुमार सिंह शौर्य चक्र और मुन्ना कुमार सिंह पुलिस पदक से सम्मानित।

02. प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत कृषि ऋण लेने वाले किसानों को एक प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जायेगा।

03. मौसम विभाग ने आज किशनगंज, मधेपुरा, कटिहार, सीतामढ़ी और पश्चिम चम्पारण समेत राज्य के ग्यारह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। वज्रपात की भी चेतावनी।

04. और, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में उन्नीस लोगों की मौत। सात अन्य गम्भीर रूप से घायल।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।